सरकारों से जानकारी एकत्र की जा रही है और प्राप्त होने पर शीघ्र ही सभा पटल पर रख दी जाएगी।

भारत-पाक युद्ध के दौरान बेघरबार हुए व्यक्तियों को स्थायी रूप से बसाना

125. **श्री यज्ञदत्त शर्मा :** क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान बेघरबार हुए कितने व्यक्तियों को अब तक स्थायी रूप से बसाया गया है ;

(ख) इस समय शेष कितने व्यक्तियों को कहां-कहां रखा गया है तथा उनकी संख्या कितनी है ;

(ग) उनके निवास स्थलों में क्या-क्या चिकित्सा तथा शैक्षिक सुविधायें दी गई हैं ; और

(घ) सरकार का विचार उन्हें कब तक बसाने का है !

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) जम्मू और काश्मीर के छम्ब नियांत्रत क्षेत्र से लगभग 17000 व्यक्ति बेघर हुए थे। इन में से 13500 व्यक्ति पुनर्वास चरण में हैं।

(ख) शेष लगभग 3500 व्यक्ति जम्मू डिवीजन के किशनपुर शिविर में रह रहे हैं।

(ग) किशनपुर शिविर में विस्थापित व्यक्तियों को चिकित्सा और शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह सुविधाएं पुनर्वास स्थलों पर भी प्रदान की जाती हैं अथवा समीप की आबादियों से उपलब्ध कराई जाती हैं।

(घ) यह आशा की जाती है कि शिविर में रह रहे शेष परिवारों को 1978-79 तक पुनर्वास स्थलों पर भेज दिया जाएगा।

दिल्ली में संसद सदस्यों तथा अधिकारियों के लिए उपलब्ध मकानों की श्रेणियों

126. **श्री ब्रज भूषण तिवारी :** क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में संसद सदस्यों तथा उच्च अधिकारियों के लिए विभिन्न श्रेणियों के कितने मकान उपलब्ध हैं ;

(ख) मकानों की आवश्यकता को देखते हुए कितने कम हैं,

(ग) क्या अधिकांश भूतपूर्व मंत्री, संसद सदस्य तथा अधिकारी मकान खाली नहीं कर रहे हैं ;

(घ) यदि हां, तो जिन से बाजार भाव से किराया लिया जाता है उनके नाम क्या है, और

(ङ) सरकार इस तरह से अनधिकृत कब्जे के मकानों को खाली कराने की क्या व्यवस्था कर रही है ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) और (ख). संसद सदस्यों तथा संयुक्त सचिव और ऊपर के पद के अधिकारियों के लिए उपलब्ध विभिन्न श्रेणियों के मकानों की संख्या और मकानों की मांग में कमी की संख्या निम्नलिखित है :—

मकान की श्रेणी	उपलब्ध मकानों की संख्या — संसद् सदस्यों के लिए	उपलब्ध मकानों की संख्या — अधिकारियों के लिए	मकानों की मांग में कमी
टाइप VI	83	504	500
टाइप VII		126	248
टाइप VIII		25	28
संसद सदस्य पूल (इस टाइप V से VIII तक के फ्लैट व बंगले शामिल हैं)	676	—	27
कुल	759	655	803